तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 नीट पेपर लीक कांग्रेस ने किया विरोध व पीएम का पुतला...



14 प्राशा राउवाही में शिक्षक की मांग 62 बच्चों पर केवल...



## खबर संक्षेप



### स्थानीय उद्योगों को मिलेगी नई पहचान

**कांकेर।** जिले में फर्नीचर एवं कारपेन्ट्री क्लस्टर तथा कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी स्थापना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला में आधुनिक मशीनों, गुणवत्ता सुधार, लागत में कमी, कौशल विकास, ब्रांडिंग, विपणन और रोजगार सृजन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में एमएसएमई रायपुर के सहायक निदेशक दामोदर बेहरा, पीएम विश्वकर्मा स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य विश्वनाथन आचारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन के अलावा अजय मंडावी सहित अनेक फर्नीचर उद्यमियों ने भाग लिया।

### प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा में मदन सफल

**कोयलीबेड़ा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जिरामतराई के



कक्षा 8 वीं के छात्र मदन हुपेंडी ने प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कृषक सुरेश हुपेंडी के पुत्र मदन इससे पहले राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा तथा ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उनकी उपलब्धि में शिक्षक विमल ठाकुर, भीखम मंडावी और ममतालाल अमला का मार्गदर्शन रहा।

### महिला की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत एमजी वार्ड कांकेर निवासी 57 वर्षीय भगवती साहू पति स्व. सदारराम साहू का 22 जुलाई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अज्ञात कारणों के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने दी फांसी लगाकर जान

कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम चिनौरी निवासी 48 वर्षीय नुपेंद्र कोड़ोपी पिता सुकलाल कोड़ोपी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 23 जुलाई को घर के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत डोड़ाकाएन्हुर निवासी 30 वर्षीय हरिलाल गावड़े पिता गांडा राम को गंभीर चोट आने के कारण 26 मई को मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल रायपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस का बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 28 तक करें बैंक खाता व आधार सीडिंग सुधार

**कांकेर।** आदिवासी विकास विभाग ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पात्र अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से 28 जुलाई तक बैंक खाता एवं आधार सीडिंग संबंधी त्रुटियों का ऑनलाइन सुधार कराने की अपील की है। यह सुविधा शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई के छात्र निर्धारित पोर्टल पर सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित दस्तावेज सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय कांकेर में जमा करना अनिवार्य होगा।

## सीएम हेल्पलाइन बनी छात्र की उम्मीद, 48 घंटे में सक्रिय हुआ डीएक्टिवेट आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कभी-कभी एक छोटी सी तकनीकी समस्या भी छात्र के भविष्य के लिए बड़ी बाधा बन जाती है। ऐसा ही कुछ ग्राम कोकपुर के छात्र मिथलेश कुमार दुग्गा के साथ हुआ, जब उनका आधार कार्ड डीएक्टिवेट हो गया और पढ़ाई सहित अन्य जरूरी कार्य प्रभावित होने लगे।

कई प्रयासों के बाद भी समाधान नहीं मिला, लेकिन मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर की गई एक शिकायत ने महज 48 घंटे के भीतर उनकी समस्या का समाधान कर दिया। त्वरित कार्रवाई से आधार कार्ड फिर से सक्रिय होने पर छात्र ने राहत की सांस ली और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 को कारगार बताया।

विकासखंड कांकेर के ग्राम कोकपुर निवासी छात्र मिथलेश कुमार दुग्गा का आधार कार्ड डीएक्टिवेट होने के कारण उन्हें विभिन्न शासकीय एवं शैक्षणिक कार्यों में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आधार से जुड़े दस्तावेजों की आवश्यकता होने के बावजूद उनका कार्ड निष्क्रिय होने के कारण किसी भी ऑनलाइन प्रक्रिया को पूरा करना संभव नहीं हो पा रहा था।

समस्या के समाधान के लिए मिथलेश ने सबसे पहले अपने निकट स्थित चॉइस सेंटर में संपर्क किया, वहां आधार में आवश्यक सुधार कराने का प्रयास किया गया, लेकिन आधार कार्ड डीएक्टिवेट होने के कारण तकनीकी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।

इससे छात्र की परेशानी और बढ़ गई। इसके बाद मिथलेश ने 22 जुलाई को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर महज दो दिनों के भीतर, 24 जुलाई को आधार कार्ड को सफलतापूर्वक अपडेट और पुनः सक्रिय कर दिया। आधार कार्ड सक्रिय होने के बाद मिथलेश ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर समस्या का समाधान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का भरोसेमंद माध्यम बनकर सामने आई है।



### शिकायत दर्ज होते ही प्रशासन ने छात्र की समस्या का किया निदान

**जनसेवा व्यवस्था पर बढ़ा भरोसा**

*मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध निराकरण होने से लोगों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। संबंधित विभाग शिकायत प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। इससे शासन की जनसेवा व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बढ़ा है।*

## दरों की सूची से निर्माण कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी, सुधरेगी गुणवत्ता

# पीडब्ल्यूडी एसओआर लागू, अब निकायों में होंगे निर्माण कार्य एक समान दरों पर


*प्रदेश के नगरीय निकायों में विकास कार्यों को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में सड़क, भवन, पुल-पुलिया, विद्युत तथा अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की शेड्यूल ऑफ रेट्स (एसओआर) आधारित दरें लागू की जाएंगी। इस नई व्यवस्था से अलग-अलग विभागों में प्रचलित विभिन्न दरों की प्रणाली समाप्त होगी और सभी निर्माण कार्य एक समान मानकों के आधार पर किए जाएंगे।*

### प्रशासनिक प्रक्रिया सरल और समय की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नई व्यवस्था के तहत विकास कार्यों का लागत अनुमान (एस्टीमेट) पीडब्ल्यूडी की निर्धारित एसओआर दरों के अनुसार तैयार किया जाएगा। इससे लागत निर्धारण में पारदर्शिता आएगी और विभिन्न निकायों में अलग-अलग दरों के कारण उत्पन्न होने वाले अंतर और मनमानी की संभावना काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

अधिकारियों का मानना है कि एक समान दरें लागू होने से विकास कार्यों की स्वीकृति, तकनीकी परीक्षण और निविदा प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनेगी। नई व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण लाभ यह भी होगा कि नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को अलग-अलग दर सूची तैयार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी, समय की बचत होगी और विकास कार्यों में होने वाली अनावश्यक देरी कम होने की संभावना है। निविदा प्रक्रिया में स्पष्टता आने से कार्य समय पर प्रारंभ होंगे और निर्धारित अवधि में पूर्ण कराने में भी सुविधा मिलेगी।


1. Schedule of Rates (01.01.2015) for Bridge Works Excluding VAT & GST, Issues on Date 10.06.2026 [In SOR 01.01.2015 and it will be known as Schedule of Rates for Bridge Works (10.06.2026)]
2. Schedule of Rates (01.01.2015) for Road Works Excluding GST, Issues on Date 10.06.2026 [In SOR 01.01.2015 and it will be known as Schedule of Rates for Road Works (10.06.2026)]
3. Schedule of Rates (01.01.2015) for Building Works Excluding GST, Issues on Date 10.06.2026 [In SOR 01.01.2015 and it will be known as Schedule of Rates for Building Works (10.06.2026)]
4. Schedule of Rates (01.06.2020) for Electrical & Mechanical Works Excluding GST, Issues on Date 10.06.2026 [In SOR 01.06.2020

### गुणवत्ता में सुधार

*विशेषज्ञों के अनुसार एसओआर लागू होने से निर्माण सामग्री, मजदूरी और तकनीकी मानकों का एकरूप उपयोग सुनिश्चित होगा। इससे सड़क, भवन, पुल-पुलिया, नाली, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा। साथ ही परियोजनाओं की निगरानी, मूल्यांकन और गुणवत्ता परीक्षण भी अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।*

### नए एसओआर से शहरों को चार बड़े फायदे

*समान निर्माण कार्यों के लिए एक जैसी दरें लागू होंगी। इससे लागत निर्धारण पारदर्शी होगा निकायों में एकरूपता सुनिश्चित होगी। नई दर सूची तकनीकी मानकों पर आधारित है। सड़क, पुल, भवन गुणवत्ता से बनेंगे। अधिक मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ रहेगा। मात्रा, सामग्री, गुणवत्ता के मानक तय हैं। घटिया निर्माण, हेराफेरी, अनावश्यक खर्च, ठेकेदारों की मनमानी पर नियंत्रण रहेगा। दरें पहले से तय होने से एस्टीमेट व मंजूरी में कम समय लगेगा। टेंडर प्रक्रिया तेज होगी। कार्य समय पर शुरू होकर शीघ्र पूरे किए जा सकेंगे।*

### नई व्यवस्था लागू होने से सुधरेगी व्यवस्था

*नगरपालिका कांकेर के सीएमओ पवन कुमार मेरिया का कहना है कि एक समान एसओआर लागू होने से सरकारी धन का अधिक प्रभावी और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। लागत और गुणवत्ता के बीच बेहतर संतुलन स्थापित होगा तथा निर्माण कार्यों में जवाबदेही भी बढ़ेगी। यह व्यवस्था नगर निकायों में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। नई प्रणाली से पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।*

**मुंबई के पेंशन अधिकारी बनकर हासिल की बैंक जानकारी**

## पेंशन अपडेट कराने का झांसा देकर की 2.48 लाख रुपए की सायबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइबर ठग अब लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ताजा मामले में पेंशन खाता अपडेट कराने का झांसा देकर ठगों ने एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी के खाते से करीब ढाई लाख रुपये पार कर दिए। हैरानी की बात यह रही कि ठगी के दौरान पीड़ित का मोबाइल भी असामान्य रूप से काम करने लगा, जिससे खाते से हो रहे लेन-देन की जानकारी उन्हें समय पर नहीं मिल सकी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम हल्बा निवासी योगेन्द्र सिंह शोरी ने पुलिस को बताया कि मैं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त कर्मचारी हूँ। मैने पेंशन संबंधी एक ऑनलाइन विज्ञापन देखकर आवेदन किया था। इसके कुछ समय बाद स्वयं को मुंबई के पेंशन विभाग का अधिकारी बताने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उनसे फोन पर संपर्क किया और पेंशन अपडेट करने का भरोसा देकर बैंक खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली।

शिकायत के अनुसार इसके बाद उनका मोबाइल फोन असामान्य रूप से काम करने लगा। वे न तो कॉल प्राप्त कर पा रहे थे और न ही किसी प्रकार के एसएमएस उनके मोबाइल पर आ रहे थे। 19 जुलाई को मोबाइल दोबारा सक्रिय होने पर उन्हें संदेह हुआ। अगले दिन बैंक जाकर खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 16 से 19 जुलाई के बीच यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से 2 लाख 48 हजार 19 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। पीड़ित ने बताया कि मोबाइल हैक होने के कारण उन्हें बैंक से निकासी संबंधी कोई भी एसएमएस प्राप्त नहीं हुआ, जिससे ठगी की जानकारी समय पर नहीं मिल सकी।

### सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी का मोबाइल हैक कर यूपीआई से खाते से उड़ाई रकम




*प्रकरण की शिकायत पहले हल्बा चौकी में दर्ज की गई, जिसके बाद मामला नरहरपुर थाना भेजा गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2008 की धारा 66-डी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बैंक या पेंशन अपडेट के नाम पर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध कॉल या लिंक से सतर्क रहें।*

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। थाना सरोना क्षेत्र में स्कॉर्पियो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच, घटनास्थल निरीक्षण और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही प्रथम दृष्टया पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पेण्ड्रावन निवासी झामेश पाण्डे ने पुलिस को बताया कि 18 जून को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 4521 से ग्राम तेन्दुभाठा (केशकाल) गया था। 22 जून को वह अपने मित्र प्रशांत नायक के साथ वापस पेण्ड्रावन लौट रहा था। दोपहर करीब 12 बजे ग्राम डंवरखार मुख्य मार्ग के समीप जंगल जाने वाले रास्ते के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एमएच 2334 के चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में झामेश पाण्डे और पीछे बैठे प्रशांत नायक गंभीर ▶▶| शेष पेज 12 पर

*नशेड़ी युवको राहगीरों से की अभद्रता और कार शीशा तोड़*

## शराब पीकर युवकों ने मचाया उत्पात लोगों को सताया व कार किया डेमेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देर रात सड़क पर शराब पीकर उत्पात मचा रहे कुछ युवकों की दबंगई उस समय सामने आई, जब उन्होंने राहगीरों का रास्ता रोककर न केवल अभद्रता की, बल्कि विरोध करने पर कार में तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद भयभीत पीड़ित सीधे नरहरपुर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनेसरा निवासी गोपेश्वर सिन्हा अपने साथियों ओमप्रकाश साहू, भगवान सिंह करंगा और लोमेश सिंह के साथ 23 जुलाई



को धमतरी से खेत में उपयोग के लिए कीटनाशक दवा खरीदकर कार क्रमांक सीजी 08 यू 5190 से वापस लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जब वे ग्राम सुरही के पास पुलिया के समीप पहुंचे, तब सड़क के बीच एक व्यक्ति ने उनकी कार रोक दी। शिकायत के अनुसार वहां 5 से 6 अज्ञात युवक सड़क के बीच बैठकर शराब पी रहे थे। वाहन का हॉर्न बजाने और रास्ता खाली करने का अनुरोध करने के बावजूद वे नहीं हटे। आरोप है कि सभी युवक नशे की हालत में थे और वहां से गुजरने वाले लोगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे थे। गोपेश्वर सिन्हा और उनके साथी वाहन से उतरकर युवकों से रास्ता खाली करने की बात करने पहुंचे तो विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और इसी दौरान कुछ युवक डंडा लेकर आए। उन्होंने कार के पिछले शीशे पर वारकर उसे तोड़ दिया। इस घटना में वाहन को लगभग 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ। घटना के बाद पीड़ित और उसके साथी किसी तरह वहां से निकले और सीधे नरहरपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नवोदय विद्यालय करप में प्रवेश प्रक्रिया जारी




**कांकेर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य अशोक बिसेन ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2027 के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं जबकि चयन परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित होगी। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश ▶▶| शेष पेज 12 पर

**हर महीने अलग-अलग त्याग, चातुर्मास में सात्विक आहार की अनूठी परंपरा**

*भगवान विष्णु रहेंगे योगनिद्रा में बढ़ेगा पूजा-पाठ सेवा का महत्व*

## देवशयनी एकादशी आज से, चातुर्मास में साधना आध्यात्मिक उन्नति का अवसर

*भारतीय संस्कृति में चातुर्मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों का समय नहीं, बल्कि आत्मसंयम, आध्यात्मिक साधना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का विशेष अवसर माना जाता है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी देवशयनी एकादशी 25 जुलाई से शुरू होगा और कार्तिक शुक्ल एकादशी देवउठनी एकादशी तक चलने वाले इस चार माह के पावन काल में भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धार्मिक मान्यता के अनुसार चातुर्मास के दौरान भगवान विष्णु क्षीरसागर में योगनिद्रा में रहते हैं। इसलिए इस अवधि में श्रद्धालु अधिक से अधिक समय धर्म-कर्म, भक्ति और आत्मचिंतन में व्यतीत करते हैं। संत-महात्मा भी एक स्थान पर रहकर प्रवचन, कथा और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को सदाचार, सेवा और संस्कारों का संदेश देते हैं। चातुर्मास का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया ▶▶| शेष पेज 12 पर

**श्रावण में हरी सब्जियां, भाद्रपद में दही, आश्विन में दूध और कार्तिक में उड़द दाल का त्याग करने की मान्यता**




### सकारात्मक परिवर्तन का अवसर माना जाता है

चातुर्मास का संदेश केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, स्वास्थ्य संरक्षण और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक है। श्रद्धा, अनुशासन और सेवा भाव के साथ बिताया गया यह चार माह का काल व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है।

### खाद्य पदार्थों के त्याग की परंपरा

*चातुर्मास के दौरान धार्मिक परंपरा के अनुसार श्रद्धालु प्रत्येक माह एक विशेष खाद्य पदार्थ का त्याग कर संयम और सात्विक जीवनशैली अपनाते हैं। मान्यता है कि श्रावण में हरी पत्तेदार सब्जियां, भाद्रपद में दही, आश्विन में दूध तथा कार्तिक में उड़द दाल का त्याग किया जाता है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार यह परंपरा आध्यात्मिक साधना के साथ वर्षा ऋतु में स्वास्थ्य संरक्षण से भी जुड़ी है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों और संप्रदायों में इन नियमों का पालन स्थानीय परंपराओं के अनुसार अलग-अलग हो सकता है।*

## पुलिस की कार्रवाई में नरहरपुर, कोरर और छोटेबेठिया में शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में कोरर, नरहरपुर और छोटेबेठिया थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अंग्रेजी शराब, महुआ शराब, बीयर तथा शराब बिक्री से प्राप्त नकदी बरामद की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कोरर पुलिस ने 23 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाबूदबेना स्थित पान दुकान के पास दबिश देकर 38 वर्षीय कुबेर जैन को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से बिक्री के लिए रखी 6.770 लीटर शराब बरामद की गई, जिसमें 29 पौवा जम्मू स्पेशल व्हिस्की, 5 पाव शोले प्लेन देशी मदिरा और 1 बोतल सिम्बा एक्स्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर शामिल है। इसके साथ ही शराब बिक्री की 120 रुपये नकदी भी जब्त की गई।



जब्त शराब की कुल कीमत 4,090 रुपये आंकी गई है। इसी तरह से नरहरपुर थानापुलिस ने ग्राम बनसागर में छापेमारी कर 40 वर्षीय विनोद कुंजाम पिता जीवन के कब्जे से 5 लीटर महुआ शराब बरामद की। इसी प्रकार छोटेबेठिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 37 वर्षीय सुबोनंदी पिता दुलाल के कब्जे से 650 एमएल की 26 बीयर, 500 एमएल की 15 बीयर, 60 पाव अंग्रेजी शराब तथा 15 लीटर महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने तीनों थाने में तीनों आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### एकल अभियान के तत्वावधान में आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सम्पन



**केशकाल।** एकल अभियान के तत्वावधान में आचार्य प्रशिक्षण वर्ग ब्लॉक के अंतर्गत फरसाडीही मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्र के आचार्यों को शिक्षा, संस्कार, संगठन, ग्राम विकास, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा एकल विद्यालय की कार्यपद्धति, शिक्षण कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, प्रार्थना, गीत तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य आचार्यों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर अभियान के पदाधिकारियों ने कहा कि एकल अभियान शिक्षा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, सेवा और संस्कार पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### एटीआर मॉड्यूल पर पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला पंचायत द्वारा ऑडिट ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के एटीआर मॉड्यूल पर ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जनपद पंचायत कोण्डागांव और केशकाल में दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में वित्तीय वर्ष 2021–22 से 2024–25 तक की लंबित ऑडिट आपत्तियों के ऑनलाइन निराकरण, आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी तथा ऑडिट प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सचिवों को एटीआर मॉड्यूल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि लंबित ऑडिट आपत्तियों का आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि पंचायतों की वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। प्रशिक्षण में राज्य संपरीक्षा, पंचायत विभाग तथा जिला पंचायत के अधिकारी एवं विभिन्न विकासखंडों के पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# 'सम्पूर्ण भारत साइकिल यात्रा' कर रहे कृष्ण पहुंचे फरसगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में मंगलवार शाम बिहार के खगड़िया जिले के 24 वर्षीय कृष्ण यादव अपनी 'सम्पूर्ण भारत साइकिल यात्रा' के दौरान पहुंचे। लगभग 18 महीनों से लगातार साइकिल के माध्यम से देशभर का भ्रमण कर रहे कृष्ण अब तक 20 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुके हैं। बुधवार दोपहर कृष्ण अपनी भारत यात्रा के अगले पड़ाव के लिए रायपुर रवाना हो गए। उनकी यह अनोखी साइकिल यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है।

श्री यादव ने बताया कि उन्होंने 20 जनवरी 2025 को बिहार से अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। तब से वे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित देश के कई राज्यों का भ्रमण करते हुए छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की विविध संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक जीवन और विभिन्न क्षेत्रों की विशेषताओं को करीब से जानना तथा लोगों से जुड़कर राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे का संदेश देना है। नगर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया तथा रात्रि विश्राम की व्यवस्था की। इस दौरान उम्मीद सामाजिक संस्था के सदस्यों ने रेस्ट हाउस पहुंचकर यादव से मुलाकात की। बारिश में पानी से हो रही समस्या को देखते हुए उन्हें रेनकोट सम्मान में दिया।

## 18 महीनों से साइकिल पर भारत भ्रमण कर रहा बिहार का युवा



### सायकल यात्री ने युवाओं से की नशामुक्त भारत बनाने की अपील

सायकल यात्री कृष्णा यादव ने युवाओं से नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नशे से दूर रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को नियमित योग, व्यायाम एवं साइकिलिंग अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि समय मिलने पर साइकिल चलाने की आदत न केवल शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ अनुशासित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए कई प्रेरणादायक बातें साझा कीं।

## कई दिन बारिश और अंधेरे के बीच खाना खाने जाना पड़ता है छात्रावास

# पहली बारिश में टपका 40 लाख का डाइनिंग हॉल दिव्यांग बच्चों को भीगकर करना पड़ रहा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- डीएमएफ फंड से बना भवन 15 दिन भी नहीं टिक पाया

जिले के एजुकेशन हब में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला खनिज न्यास फंड से लगभग 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित डाइनिंग हॉल पहली ही बारिश में अपनी गुणवत्ता की पोल खोल गया। भवन की छत से पानी टपकने लगा, जिससे दीवारों और पंखों में करंट आने का खतरा पैदा हो गया। सुरक्षा को देखते हुए बच्चों का भोजन इस भवन में बंद कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, नए डाइनिंग हॉल का उपयोग केवल करीब 15 दिनों तक ही किया जा सका। बारिश शुरू होते ही छत से रिसाव शुरू हो गया। इसके बाद 70 से 100 दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन लगभग 100 मीटर दूर स्थित दिव्यांग बालक छात्रावास में जाकर भोजन करना पड़ रहा है। बारिश और अंधेरे के बीच टॉर्च के सहारे आने-जाने को मजबूर इन बच्चों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।



### दुर्घटना से बचने दूसरी जगह बनाई व्यवस्था

शिक्षक देव कुमार साहू ने बताया कि भवन में बच्चों को कुछ ही दिनों तक भोजन कराया गया। बारिश शुरू होते ही छत से पानी टपकने लगा और पंखों व दीवारों में करंट आने की आशंका पैदा हो गई। किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए बच्चों को दूसरे छात्रावास में भोजन कराने की व्यवस्था की गई। वहीं समाज कल्याण विभाग की एक शिक्षिका ने बताया कि विभाग ने बच्चों के लिए छातों की व्यवस्था की है, लेकिन बारिश के दौरान बाहर जाकर भोजन करना दिव्यांग बच्चों के लिए बेहद कठिन है।

### अधिकारियों का निरीक्षण पर समाधान नहीं निकला

बताया जा रहा है कि कई अधिकारी भवन का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इस घटना ने डीएमएफ फंड से कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों रुपये विकास कार्यों पर खर्च होने के बावजूद यदि एक नया भवन पहली ही बारिश में टपकने लगे, तो निर्माण एजेंसी, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

### भवन की मरम्मत व दोषियों पर कार्रवाई हो

स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किए जाने के कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा भवन की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

# युवा, नशे से दूर रहकर विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी निभाएं: विधायक लता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला स्तरीय 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' प्रतियोगिता
- सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भारत शासन के तत्वावधान में बड़ेकनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी शामिल हुईं।

विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने युवाओं से नशे से दूर रहकर मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षा को जीवन का लक्ष्य बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में जल्द ही माई भारत केंद्र की स्थापना होगी, जिससे युवाओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा।



### नशामुक्ति का संदेश बनी प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, मूक अभिनय, पेंटिंग, वक्तृत्व, शॉर्ट फिल्म, स्लोगन और कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

# जुगानी में मौसी घर से भगवान जगन्नाथ पहुंचे मंदिर, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ग्राम जुगानी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की वापसी श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। सात दिनों तक मौसी घर में विश्राम करने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रथ यात्रा के माध्यम से पुनः अपने मंदिर पहुंचे।

रथ यात्रा में ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक रथ खींचा। आयोजन के दौरान स्थानीय पुलिस फरसगांव ने सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग किया, वहीं ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए सात अन्नों से बने महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें दाल, सब्जी, चावल और खीर सहित अन्य प्रसाद शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, कोण्डागांव जिले में आध्यात्मिक जागरण के उद्देश्य से श्रीदाम गोस्वामी जी द्वारा राधा-कृष्ण मंदिर की स्थापना की गई है। मंदिर में वर्षभर दोल पूर्णिमा, कृष्ण जन्माष्टमी, झूलन यात्रा, रासलीला सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन होता रहता है।



### हरेश्वर शिव मंदिर से अपने मंदिर पहुंचे भगवान जगन्नाथ



**केशकाल।** हरेश्वर शिव मंदिर हर्रापड़ाव से भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ अपने मंदिर पहुंचे। इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण छाया रहा। श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के साथ भगवान का भव्य स्वागत किया। भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भजन-कीर्तन के बीच निकली यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। अपने मंदिर पहुंचने के बाद भगवान की विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर समिति और स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंडित कान्हा अग्निहोत्री ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर पधारते हैं। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद बहुदा यात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। भगवान जगन्नाथ के अपने मंदिर लौटने के साथ ही वार्षिक रथयात्रा एवं बहुदा यात्रा का धार्मिक आयोजन श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ।

# हरिका को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च निकाल शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर की छात्र हरिका राव नायडू को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से गांधी चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत छात्र को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित किया है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कांग्रेसजनों ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



# आत्मानंद विद्यालय बहीगांव में उमड़ा देशभक्ति का ज्वार

**केशकाल।** भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय केशकाल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बहीगांव में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य सुंदरलाल जैन के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कारगिल विजय दिवस की थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, देशभक्ति एवं वक्तृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विद्यालय द्वारा एक विशाल तिरंगा एवं जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थी /"भारत माता की जय/", /"वंदे मातरम/", /"भारतीय सेना अमर रहे/" जैसे जोशीले नारों के साथ पूरे नगर में भ्रमण करते हुए देशभक्ति का संदेश देते रहे। रैली के दौरान नगरवासियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। भ्रमण के पश्चात रैली पुनः विद्यालय परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुंदरलाल जैन ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक दिवस नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है।




### शासकीय अस्पतालों को बेहतर बनाने से जनता को मिली सुविधा और लाभ

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में एक निजी अस्पताल के डिलीवरी रूम पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सवाल सामने आया है कि प्रसव जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आम लोगों की निजी अस्पतालों पर निर्भरता आखिर क्यों बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि गौतम हॉस्पिटल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते एक जच्चा और उसके नवजात शिशु की मृत्यु के मामले में जांच के दौरान खामियां पाए जाने के बाद प्रशासन ने अस्पताल के डिलीवरी रूम को सील कर दिया था। इसके बाद से वहां प्रसव सेवाएं बंद हैं।

क्षेत्र के ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों से गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए भानुप्रतापपुर पहुंचती हैं। ऐसे में निजी अस्पताल की सेवाएं प्रभावित होने के कारण कई परिवारों को दूसरे अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है, ताकि किसी एक निजी संस्थान पर निर्भरता कम हो सके। क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेते हैं। निजी अस्पतालों में प्रसव, जांच, दवाइयों और भर्ती पर हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। कई बार परिवारों को इलाज के लिए कर्ज तक लेना पड़ता है। यदि शासकीय अस्पतालों में बेहतर और भरोसेमंद प्रसव सुविधाएं उपलब्ध हों, तो गरीब मरीजों को निःशुल्क या बेहद कम खर्च में उपचार मिल सकता है और उनका आर्थिक बोझ काफी हद तक कम हो सकता है।

# मोदे स्कूल में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचाव व सुरक्षा का मिला मंत्र



**कांकेर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और महिलाओं के खिलाफ होने वाली घटनाओं के बीच छात्राओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शासकीय उमावि मोदे में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और आत्मरक्षा के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि थोड़ी सी सतर्कता और सही जानकारी से अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर ने छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी, महंगे गिफ्ट का लालच देकर ठगी, तत्काल लोन दिलाने वाले फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन, ओटीपी साझा करने के खतरे तथा सोशल मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग कर किए जा रहे अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या एप्लीकेशन पर भरोसा न करने और साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग को सूचना देने की सलाह दी। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के उपाय बताए। गुड टच और बैड टच की पहचान, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सहायता प्राप्त करने के तरीकों की भी जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ। जेंडर विशेषज्ञ खुलेश साहू ने मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।

## पेज 11 के शेष...

### सड़क हादसे में युवक की मौत...

रूप से घायल हो गए, जबकि मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल कांकेर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने झामेश पाण्डे को परीक्षण के बाद ब्रॉट डेड घोषित कर दिया, वहीं घायल प्रशांत नायक का उपचार किया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण, पंचनामा, परिजनों के बयान तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर दुर्घटना के लिए स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही प्रथम दृष्टया सामने आने पर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### शराब पीकर युवकों ने मचाया उत्पात...

दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं 36(च)(2), 125, 126(2), 296 एवं 324(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नवोदय विद्यालय करप...

तथा आधुनिक शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का कांकेर जिले का मूल निवासी होना तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत होना आवश्यक है और साथ ही आधार कार्ड एवं स्थायी शिक्षा संख्या पीईएन अनिवार्य है।

### देवशयनी एकादशी आज...

है। वर्षा ऋतु में वातावरण में नमी बढ़ने से बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्म जीव तेजी से पनपते हैं। ऐसे समय में हल्का एवं सात्विक भोजन करने, अधिक तला-भुना भोजन से बचने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है। यही कारण है कि इस अवधि में कई लोग प्याज, लहसुन, बैंगन अथवा अन्य कुछ खाद्य पदार्थों का त्याग कर संयमित आहार अपनाते हैं। धार्मिक विद्वानों के अनुसार चातुर्मास के दौरान क्रोध, लोभ, अहंकार और नकारात्मक विचारों से दूर रहकर सत्य, सेवा, दया और परोपकार का पालन करना चाहिए। नियमित पूजा, ध्यान, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन और जरूरतमंदों की सहायता करने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

# अभनपुर स्कूल की बाल कैबिनेट ली शपथ व सेवा का संकल्प लिया



**सरोना।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, अभनपुर में बाल कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल सरोना के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि टेकेश्वर सिन्हा ने शाला नायिका गौरी विश्वकर्मा, उप शाला नायिका वैशाली मरकाम सहित बाल कैबिनेट के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्राओं ने ईमानदारी, अनुशासन, स्वच्छता, सेवा भावना और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि बाल कैबिनेट विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संस्कारित नागरिक तैयार करना भी है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल को पार्षद निधि से मिला आधुनिक साउंड सिस्टम



**बस्तर।** स्थानीय जनपद प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बस्तर में बच्चों और शिक्षकों के लिए सुखद सौगात मिली है। नगर पंचायत बस्तर के वार्ड पार्षद समीर मिश्रा ने अपनी पार्षद निधि से विद्यालय को जेब्रोनिक्स कंपनी का आधुनिक ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रदान किया है। साउंड सिस्टम मिलने से अब स्कूल में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय पर्वों और सुबह की प्रार्थना सभा के संचालन में काफी सुविधा होगी। विद्यालय को यह उपहार मिलने पर बच्चों, शिक्षकों और स्थानीय जन समुदाय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सूर्य प्रकाश मिश्रा ने शाला विकास समिति और स्कूल परिवार की ओर से पार्षद समीर मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और स्कूल के विकास के लिए आगे भी इसी तरह सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

### डीएवी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**किरंदुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचेली में 18 जुलाई को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर मीट में डीएवी किरंदुल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जोनल स्तर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बालक वर्ग अंडर 17 शतरंज, अंडर14 फुटबॉल एवं अंडर-19 टेबल-टेनिस, बालिका वर्ग अंडर 17 शतरंज में जीत हासिल की। इस शानदार जीत पर विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा छात्र-छात्राओं का यह प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है और हमें पूरा विश्वास है कि वे जोनल स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में खेल शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं खेल शिक्षिका तृप्ति प्रसाद का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण का किया मॉकड्रिल

# पुलिस ने खुद ही किया प्रदर्शन नियंत्रित करने बरसाई लाठियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिले में अब नक्सल चुनौति के समाप्ति के बाद शहरों मे होने वाले प्रदर्शन को रोकने के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दिया है। पुलिस लाईन में जहां खुद को प्रदर्शनकारी के तौर पर खड़े रखकर नारेबाजी की तो दुसरी ओर पुलिस कर्मी स्वयं मोर्चा संभाले खड़े होकर जमकर सांकेतिक लाठियां बरसाई।





■ आपात स्थिति से निपटने खुद को किया तैयार

किसी भी आपातकालीन स्थिति, कानून-व्यवस्था की चुनौती और संभावित दंगा जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सुकमा पुलिस ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस आरक्षी केंद्र में दंगा नियंत्रण संबंधी व्यापक अभ्यास (मॉक ड्रिल) आयोजित किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी, जवान, पुलिस परिवार के सदस्य तथा आम नागरिकों ने भी भाग लिया। पुलिस लाईन में सैकड़ो जवान जहां खुद को प्रदर्शनकारी के तौर पर खड़े रखकर नारेबाजी की तो दुसरी ओर पुलिस कर्मी स्वयं मोर्चा संभाले खड़े होकर जमकर सांकेतिक लाठियां बरसाई। इस दौरान अश्रु गैंस का भी प्रयोग के तौर पर उपयोग किया गया।

### प्रदर्शनकारियों की खैर नहीं

देश की रजधानी दिल्ली के जंतर मंतर में हुए प्रदर्शन के बाद सुकमा जिला भी सर्तक हो गया है। युबेदार रमेश पुरेना एवं विकास नारंग ने मॉक ड्रिल में पुलिस ने रायट गियर, शील्ड, लाठी, हेलमेट, आंसू गैस, वाटर कैनन और अन्य दंगा नियंत्रण उपकरणों के उपयोग का अभ्यास करने की जानकारी दी। जवानों को भीड़ को नियंत्रित करने, न्यूनतम बल प्रयोग, संवेदनशील परिस्थितियों में संयम बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### आकस्मिक परिस्थिति के लिए पुलिस तैयार

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में बदलते सामाजिक और सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए इस प्रकार के अभ्यास आवश्यक हैं, ताकि किसी भी अप्रिय या आकस्मिक स्थिति में पुलिस बल त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई कर सके। अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल की तत्परता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समन्वय और आपदा एवं कानून-व्यवस्था से निपटने की दक्षता को और मजबूत करना है। सुकमा पुलिस का कहना है कि इस तरह के नियमित अभ्यास से न केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि आपात स्थिति में आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है।

### पूरी रणनीति के साथ संभाला मोर्चा

पुलिस लाईन में अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों ने ही प्रदर्शनकारियों की भूमिका निभाई। नारेबाजी, जुलूस, भीड़ का उग्र प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था बिगड़ने जैसी काल्पनिक परिस्थितियां तैयार की गईं। इसके बाद दंगा नियंत्रण दल ने पूरी रणनीति के साथ मोर्चा संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित करने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

### पुलिस को और सक्षम बनाने का प्रयास



पुलिस लाईन सुकमा में हुए मॉकड्रिल के संबंध में अति पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की ने बताया कि बदलते परिवेश के मद्देनजर पुलिस को और सक्षम बनाने के उद्देश्य से बलवा रोधी दस्ता का मॉकड्रिल कराया गया।

## तुलिका कर्मा ने दुकान आबंटन और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शहर के नए मांस बाजार में दुकानों के आबंटन को लेकर मांस विक्रेताओं के बीच असहमति की स्थिति सामने आने के बाद जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने बाजार स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विक्रेताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अव्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कई मांस विक्रेताओं ने दुकान लगाने जगह नहीं मिलने की समस्या बताई। विक्रेताओं का कहना था कि सभी हितधारकों की सहमति से दुकानों का आवंटन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

तुलिका कर्मा ने बाजार परिसर में सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति, गंदगी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी पर भी कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मांस बाजार जैसे संवेदनशील स्थान पर स्वच्छता और व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो इसका असर आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। उन्होंने नगर पालिका से मांग की कि दुकान आबंटन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो तथा सभी मांस विक्रेताओं की सहमति और नियमों के अनुरूप निर्णय लिया जाए। साथ ही बाजार परिसर में नियमित सफाई, पेयजल, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं।

इधर, इस पूरे मामले को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि दुकान आबंटन को लेकर उत्पन्न विवाद उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नगर पालिका और मांस विक्रेताओं के बीच बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पक्षों की बात सुनकर नियमानुसार एवं आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाते हुए सभी पात्र विक्रेताओं के हितों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि बाजार का संचालन सुचारू रूप से हो सके और किसी भी प्रकार की असहमति की स्थिति समाप्त हो।

## दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के चलते लगाया जुर्माना



**गीदम।** नगर पंचायत बारसूर द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार औचक निरीक्षण और जब्ती अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमों का उल्लंघन व प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वाले व्यावसायिक दुकानों पर जुर्माना लगाने और पॉलीथिन जब्त करने की कार्रवाई की गई है। इसके तहत 5 दुकानदारों पर 1000 का जुर्माना एवं 0.5 किलो पॉलीथिन जब्ती की गई है तथा दुकानदारों व व्यापारियों को समझाइश दी गई है, भविष्य में प्रतिबंधित सिंगल यूज सामग्री के निर्माण, परिवहन, एवं आपूर्ति न की जाए। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा शहर वासियों के साथ व्यापारी संस्थाओं से प्रतिदिन के कार्यों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की।

## सायबर ठगी से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के मार्गदर्शन में साप्ताहिक हाट में साइबर अपराधों से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम नागरिकों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा बैंक, आधार अपडेट, एटीएम अपडेट, ई-केवाईसी या अन्य किसी बहाने से फोन करने वाले अज्ञात व्यक्तियों को अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी बिल्कुल साझा न करें। साथ ही लोगों को सलाह दी गई कि किसी भी एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। स्वयंसेवकों ने यह भी बताया कि यदि आप कहीं भ्रमण पर गए हैं, तो अपनी सेल्फी या फोटो तत्काल सोशल मीडिया पर साझा न करें। यात्रा पूरी होने और सुरक्षित घर लौटने के बाद ही फोटो पोस्ट करें, जिससे आपकी लोकेशन



का दुरुपयोग न हो सके और आप साइबर अपराधियों के निशाने पर आने से बच सकें।

कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो बिना समय गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें तथा संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस अभियान में महादल नायक मनोज नाग, महादल नायिका राधिका कश्यप, यशोदा मौर्य, अंकिता, अनुशिका, नेहा समरथ, लच्चिनी, दिलीप कश्यप, राखी राम, पिंटू सहित स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## खीर-पूड़ी, पनीर और हरी सब्जियों के साथ परोसा गया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के विकासखंड भैरमगढ़ में शिक्षा विभाग की पहल पर सामाजिक सहभागिता और बच्चों के पोषण को केंद्र में रखकर एक साथ 324 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में न्योताभोज महाअभियान आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में लगभग 16 हजार विद्यार्थियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा गया।कलेक्टर विश्वदीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस महाअभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री पूरक पोषण पीएम पोषण योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालयों में नियमित उपस्थिति और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। महाअभियान को सफल बनाने में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रह्लाद जैन, बीआरसी डी. राय, संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, प्रधान अध्यापकों तथा मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी विद्यालयों में स्थानीय उपलब्ध संसाधनों एवं सब्जियों के आधार पर विविध प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए। कहीं बच्चों को खीर-पूड़ी और पनीर की सब्जी, तो कहीं हरी सब्जियों, गर्म भोजन और मिष्ठान के साथ विशेष न्योता भोज परोसा गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस सामूहिक भोज का आनंद लिया। जिले में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित यह पहल केवल पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालयों में सामाजिक सहभागिता, सामूहिक जिम्मेदारी और अपनेपन की भावना को भी मजबूत कर रही है।

## भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर जिले के करपावंड क्षेत्र की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम देखने को मिला। भाजपा के करपावड मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष सोभाराम भारती ने 40 साल से भाजपा के लिए सक्रिय रूप से

■ किसानों, मजदूरों, युवाओं व आदिवासी समाज के हितों के लिए सक्रियता से करेंगे कार्य

काम किया एवं क्षेत्र के सक्रिय आदिवासी नेता ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। उनके इस राजनीतिक फैसले को करपावंड क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में शोभाराम भारती ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम में



जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शुभाष गुलाटी, उपाध्यक्ष टीवी रवि एवं उत्तम नाईक, सचिव अर्जुन पाण्डेय, बद्रीनाथ जोशी, बकावंड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, करपावंड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनाधर बघेल, बस्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणेश बघेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद शोभाराम भारती ने कहा कि वर्तमान समय में किसान, मजदूर, छात्र और आम नागरिक अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उनका आरोप था कि जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर अपेक्षित कार्य नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और आम जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है।

भारती ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा और जनहितकारी नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं तथा आगे किसानों, मजदूरों, युवाओं और आदिवासी समाज के हितों के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया।

## नक्सली हिंसा में मृतकों के परिजनों को 55 लाख रुपए स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिकों के मृत्यु होने पर प्रावधानुसार कुल 11 लाभार्थी को 55 लाख रूपए सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत वित्तीय सहायता की 50 प्रतिशत राशि पीड़ित/लाभार्थी के आधार से जुड़े बचत बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से तथा शेष 50 प्रतिशत राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/ अनुसूचित वाणिज्यि बैंक में 3 वर्ष की अवधि के लिय सावधि जमा के रूप में लॉक ईन अवधि के दौरान तिमाही ब्याज और लॉक ईन अवधि के पश्चात मूल राशि सीधे लाभार्थी के खाते में जमा करने हेतु निर्देश दिया गया है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर जिला कांकेर छ.ग.

:: शपथ पत्र ::

मैं जितेन्द्र दुग्गा पिता रामप्रसाद दुग्गा आयु- 45 वर्ष जाति गोंड निवासी पता माटवाडा लाल तहसील कांकेर जिला कांकेर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री डाली दुग्गा पिता जितेन्द्र दुग्गा के नाम से आधार कार्ड प्राप्त है जिसका आधार सं. 5880 5688 7985 है।
3. यह कि प्राप्त आधार कार्ड मे पुत्री का नाम त्रुटिवश नाम डॉली दुग्गा अंकित है जो कि पूर्णतः गलत है।
4. यह कि मेरे पुत्री का सही एंव वास्ताविक नाम डाली दुग्गा पिता जितेन्द्र दुग्गा DOLLY DUGGA FATHER NAME- JITENDRA DUGGA है जो सही एंव सत्य है इसी नाम को दर्ज करा कर नया प्राप्त करना चाहता हूँ। जिसको मै शासकीय गजट में राजपत्र प्रकाशन करवाने एंव शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अन्य अभिलेखों मे अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से कंडिका क्र. 04 मे दी गई सभी जानकारी सही व सत्य है मैने आज दिनांक 21/07/2026 को स्थान कांकेर मे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

जितेन्द्र दुग्गा
सत्यापनकर्ता


## हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकताः अटामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन आज एजुकेशन सिटी ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। शाला प्रवेशोत्सव बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है। सरकार प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा, आवश्यक सुविधाएं और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकेंगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में प्रवेश कराने और उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण जैसी योजनाएं विद्यार्थियों की शिक्षा को सुगम बनाती हैं तथा विशेष रूप से बालिका शिक्षा को नई दिशा प्रदान करती हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनकी सफलता ही समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नियमित अध्ययन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन करें। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से जिले में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### इच्छापुर स्कूल में छात्रों के स्वास्थ्य की जांचकर बताया परहेज

**कांकेर।** शाउमावि इच्छापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार की चिकित्सा टीम द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम में डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. तनु शुक्ला, मेडिकल लैब टेक्नीशियन बिंदेश्वरी सिंहा तथा जेएनएम रीमा ध्रुव शामिल थीं। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की लंबाई, वजन, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ मलेरिया एवं सिकल सेल की जांच हेतु रक्त परीक्षण किया गया।

जांच में कुछ विद्यार्थियों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, जिनका चिकित्सकों ने उचित परामर्श देते हुए संतुलित आहार, स्वस्थ दिनचर्या अपनाने तथा आवश्यकता पड़ने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने की सलाह दी। राहत की बात यह रही कि जांच में किसी भी विद्यार्थी में मलेरिया नहीं पाया गया। कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### बनसागर में 8 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण का शुभारंभ



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बनसागर में ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बस्तर विकास प्राधिकरण की स्वीकृति से बनने वाली सीसी सड़क का विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लगभग 8 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क अर्जुन कुंजाम के घर से शीतला मंदिर तक निर्मित होगी, जिससे विशेषकर बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### वाल्मीकि महाविद्यालय में 28 को ओपन काउंसिलिंग

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत स्नातक बीए, बीकॉम, बीएससी, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 जुलाई को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित होगी। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है।

# नीट पेपर लीक कांग्रेस ने किया विरोध और पीएम का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोयलीबेड़ा


कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और की नारे बाजी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और कांग्रेस नेताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अटल चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया और नीट प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल दर्रो ने कहा कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे छात्रों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, जो केंद्र सरकार की तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश की गरीब जनता, किसान, मजदूर और युवा सरकार की नीतियों से परेशान हैं तथा लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार दमन किया जा रहा है। जिला युवा कांग्रेस के महामंत्री विनोद उसेंडी ने कहा कि नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक प्रकरण ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लाखों मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्टी छात्रों के हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे। छात्रों और विपक्षी नेताओं पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से नीट प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा छात्रों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

## पुराने कम्युनिटी हॉल के निर्माण के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति दिलाई जाएगी : विधायक आशाराम

# कांकेर एवं चारामा में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ, विकास को मिलेगी गति




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर/चारामा

नगर पालिका परिषद कांकेर और नगर पंचायत चारामा में शासन द्वारा मनोनीत एल्डरमैन (नामांकित पार्षदों) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में हुआ। नवनियुक्त एल्डरमैन ने पद एवं गोपनीयिता की शपथ लिया। कम्युनिटी हाल कांकेर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने नवनियुक्त पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि कांकेर को आधुनिक और सुविधायुक्त नगर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने घोषणा किया कि पुराने कम्युनिटी हॉल के नवीन निर्माण के लिए लगभग 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाई जाएगी। इसके साथ ही नवीन बस स्टैंड के जीर्णोद्धार, जलभराव की स्थायी समस्या के समाधान तथा नाली निर्माण एवं लेवलिंग कार्यों के लिए 1.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने की जानकारी देते हुए जल्द कार्य शुरू कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उनके रहते विकास का कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि परिषद नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, सहित सभी पार्षद, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**नगर पंचायत चारामा में नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली शपथ**



*__चारामा।__ नगर पंचायत चारामा के सभागृह में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियुक्त नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। समारोह में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नरेंद्र बंजारा ने शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैन उमा शर्मा, जागेश्वर सिन्हा एवं परमेश्वर यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।*

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर हित में तैयार होने वाली सभी आवश्यक विकास योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिससे चारामा के विकास को नई गति मिल सके।*

*समारोह में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, ओम प्रकाश, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंजू सोनकर, हेमेन्द्र ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, संतोष ओझा, लोकेश सोनकर, संदीप मेश्राम, रजनी यादव, तुलसी कुंजाम, भागीराम साहू, संतोष नाहर, प्रियेश सेन, अंकित जैन, विजेंद्र सिन्हा, जयश्री सिन्हा सहित सीएमओ हेमन्त नेताम, संजय चौहान, राजकुमार पारकर, सरिता ठाकुर, गौतम देवांगन सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।*

## तालाकुर्रा में वीबी जी राम जी मिशन के तहत विशेष ग्राम सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में गांव के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

ग्राम सभा अध्यक्ष गौतम गांवर ने कहा कि गांव अभी भी विकास और मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा वीबी जी राम जी मिशन के माध्यम से गांव के विकास को नई गति मिलेगी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। सरपंच विनोद रावटे ने ग्राम की प्रमुख समस्याओं और आवश्यक विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत ने ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डामरीकरण सड़क, सीसी रोड, मुक्तिधाम शेड, मुरमीकरण, हायर सेकेंडरी स्कूल की बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग रोड, टीना शेड, डब्ल्यूबीएम सड़क, युवाओं के लिए जिम, उद्यान निर्माण, नए पीडीएस गोदाम तथा मुर्गी एवं बकरा पालन जैसी आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने संबंधी प्रस्ताव पारित किए हैं।

ग्राम सभा में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवा सेतु के माध्यम से उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई और साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत प्रत्येक ग्रामीण से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की गई।

## जियो नेटवर्क की सुस्ती से अटका एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के आमाकड़ा क्षेत्र के छह गांव राउरवाही, सटेली, महेंद्रपुर, पेड़ावारी, मोखा और आमाकड़ा में जियो नेटवर्क की धीमी गति किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। कमजोर नेटवर्क के कारण एग्रीस्टैक पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सेवा सेतु सहित अन्य ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इससे किसानों को बार-बार डिजिटल सेवा केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

राज डिजिटल पॉइंट के संचालक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक किसान एवं खेत के सभी हिस्सेदारों का एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके माध्यम से किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, ताकि उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सरल तरीके से मिल सके। लेकिन जियो नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण पोर्टल बार-बार बंद हो जाता है या पंजीयन प्रक्रिया बीच में ही रुक जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। इंटरनेट की धीमी गति के कारण दस्तावेज अपलोड करने, एकमुश्त पासवर्ड (ओटीपी) सत्यापन तथा ऑनलाइन आवेदन जैसी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं। इसका सीधा असर किसानों के आवश्यक कार्यों और शासन की डिजिटल सेवाओं पर पड़ रहा है।



किसानों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द नेटवर्क व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो एग्रीस्टैक पंजीयन निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना कठिन हो जाएगा, जिससे कई किसान शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं। ग्रामीणों ने जियो कंपनी और जिला प्रशासन से क्षेत्र में मोबाइल टावर की क्षमता बढ़ाने तथा नेटवर्क व्यवस्था में शीघ्र सुधार करने की मांग की है, ताकि हजारों ग्रामीणों और किसानों को निर्बाध मोबाइल एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो सके।

## प्राशा राउवाही में शिक्षक की मांग 62 बच्चों पर केवल दो शिक्षिकाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के प्राथमिक शाला राउवाही में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में 62 छात्र-छात्राओं के लिए केवल दो शिक्षिकाएं पदस्थ हैं, जिससे सभी कक्षाओं का संचालन और शैक्षणिक कार्य सुचारू रूप से कर पाना कठिन हो गया है।

इस समस्या को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी, ग्राम पंचायत राउवाही के सरपंच एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से उत्तर बस्तर कांकेर के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में शीघ्र अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि दो शिक्षिकाओं पर सभी कक्षाओं के शिक्षण के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो बच्चों की पढ़ाई और भविष्य दोनों प्रभावित होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बच्चों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्राथमिक शाला राउवाही में आवश्यक संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करेगा।

## छात्रों को साइबर ठगी, नशामुक्ति यातायात नियमों को दी जानकारी

**महिला सुरक्षा के बारे में भी दी गई अहम जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

पुलिस थाना चारामा टीम के द्वारा शासकीय हाईयर सेकेंडरी स्कूल गोलकुम्हड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, नशामुक्ति, यातायात नियम, महिला सुरक्षा तथा करियर मार्गदर्शन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा कॉल, संदेश या लिंक भेजकर बैंक खाता, एटीएम, आधार, ओटीपी, यूपीआई पिन अथवा अन्य निजी जानकारी मांगने पर उसे साझा न करें। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा क्विक सपोर्ट, एनीडेस्क और टीम व्यूअर जैसे थर्ड पार्टी मोबाइल एप्लीकेशन किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने मोबाइल में इंस्टॉल न करें। पुलिस ने विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, शेयर बाजार एवं निवेश के नाम पर ठगी, केवाईसी अपडेट, लोन, बिजली बिल, लॉटरी, केबीसी, फर्जी कस्टमर केयर, ऑनलाइन खरीदारी, क्यूआर कोड, ब्लैकमेलिंग, वीडियो कॉल फ्रॉड, घर बैठे काम दिलाने के नाम पर ठगी तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए इनसे बचाव के उपाय बताए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अपने सोशल मीडिया खातों में दो-स्तरीय सुरक्षा सत्यापन का उपयोग करने, अनावश्यक निजी जानकारी सार्वजनिक न करने तथा किसी भी भ्रामक या सांप्रदायिक पोस्ट को बिना सत्यापन के साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो जाए तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।






### दिशा की आज होगी बैठक

**कांकेर।** लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में 25 जुलाई को दिन शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 03 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## दशपुर में विधायक ने किया सीसी सड़क का लोकार्पण

**कांकेर।** ग्राम दशपुर में आंगनबाड़ी केंद्र से महानदी तक निर्मित 1.5 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण विधायक आशाराम नेताम के करकमलों द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि उनके रहते क्षेत्र का कोई भी विकास कार्य अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह सीसी सड़क ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। विधायक ने कहा कि मजबूत सड़कें ही विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं। इस अवसर पर सरपंच सूर्य नेताम, जनपद सदस्य हेमेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत के पंचगण, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

